





# डबल इंजन सरकार ला रही है बदलाव :संध्या राय

## भिंड-दतिया सांसद ने किया 94 लाख की सड़क निर्माण योजना का भूमिपूजन




**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 17जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड-दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने अपने विधानसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत भांडेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लललऊआ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 94 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सांसद राय ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनकल्याणकारी सोच और विकासवादी दृष्टिकोण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के विकास के लिए समर्पित है। हमारी सरकार 'आपके द्वारा, आपके लिए' योजनाएं लेकर आ रही है, जिनका लाभ लेकर समाज आत्मनिर्भर बन रहा है।

**पौधरोपण को बताया जन-आंदोलन:** सांसद राय ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को पौधरोपण की आवश्यकता पर भी प्रेरित किया। उन्होंने पार्टी के चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान को समर्थन देते हुए कहा कि पेड़ जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे न केवल शुद्ध वायु देते हैं, बल्कि पर्यावरण, जलवायु और जैवविविधता को भी संतुलित रखते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। यह एक पुण्य कार्य है। उन्होंने पौधरोपण के लाभ बताते हुए कहा कि पेड़ मिट्टी को बचाते हैं, बाढ़ रोकते हैं, वर्षा को आकर्षित करते हैं और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित वातावरण देते हैं।

**लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर 1500 रुपए की सौगात:** सांसद राय ने महिला सशक्तिकरण योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की लाडली बहनों के खातों में 1500 रुपए स्थानांतरित करने की घोषणा की है, जिसकी 26वीं किस्त भी पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उज्ज्वला योजना, कौशल विकास योजना, आयुष्मान कार्ड, अटल ज्योति योजना जैसी अनेक योजनाएं महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दे रही हैं।

**जनता तक पहुंच रही हैं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं:** कार्यक्रम में पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर गरीब और वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि मैं हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम करता रहूंगा। संध्या राय जी के नेतृत्व में विकास की योजनाएं हर घर तक पहुंचेंगी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया, सरपंच प्रियंका, दिनेश धीरज पाराशर, राजेन्द्र यादव, अरविंद दांगी, हुकुम सिंह, राम बहादुर गुर्जर, मेघा मिश्रा (तहसीलदार), एसडीएम, व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों की उत्साही भागीदारी देखने को मिली।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर स्कूलों में हुआ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन में चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान




**नवभारत न्यूज**
**महगांव, 17जुलाई।** जिले में नशा उन्मूलन हेतु चल रहे विशेष अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' के अंतर्गत सीएम राइज स्कूल एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव में एसडीओपी संजय कोच्छा और टीआई महेश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रभावशाली जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं विशेष रूप से कन्या बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें नशे की भयावहता एवं दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स शाखा के निर्देशन में, भिंड जिले में एसपी डॉ. असित यादव के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त एएसपी संजीव पाठक के संयोजन में यह अभियान 15 जुलाई से प्रारंभ हुआ है, जो 30 जुलाई 2025 तक जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चलाया जाएगा।

कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा छात्राओं को नशे से दूर रहने, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नशा किस प्रकार पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक विखंडन का कारण बनता है—इस पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान प्रधान आरक्षक सतेंद्र शर्मा, शिवा करैया, एवं दिनेश मुदगल सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होंने बालकों को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहकर एक स्वस्थ, स्वच्छ और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं इसी अभियान को लेकर जिले भर में थाना सिटी कोतवाली, देहात कोतवाली, फूप और पुलिस लाईन द्वारा भी जागरूकता अभियान चलाया गया।

# मध्यान्ह भोजन योजना की पोल खुली, औचक निरीक्षण में निकली कड़वी सच्चाई



## सीएम राइज स्कूल की रसोई में 450 बच्चों के लिए आधा किलो बेसन की कढ़ी

**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 17जुलाई।** शासकीय स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही मध्यान्ह भोजन योजना में गंभीर अनियमितताओं का गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ। विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं एसडीएम अखिलेश शर्मा ने जब सीएम राइज कॉटनजीन स्कूल का औचक निरीक्षण किया, तो वहां मध्यान्ह भोजन की बेहद लचर स्थिति सामने आई।

**कमजोर भोजन, घटिया सामग्री- निरीक्षण में सामने आई कड़वी सच्चाई:** निरीक्षण के दौरान देखा गया कि 450 बच्चों के लिए बनाई जा रही कढ़ी में मात्र आधा किलो बेसन और अत्यल्प मात्रा में तेल का इस्तेमाल किया जा रहा था। यह देख अधिकारियों के होश उड़ गए। भोजन की न तो गुणवत्ता ठीक थी और न ही पर्याप्त मात्रा। जब महिला रसोइया से इस विषय में पूछताछ की गई तो उसने स्पष्ट किया कि उसे स्व-सहायता समूह संचालक द्वारा बेहद सीमित सामग्री उपलब्ध कराई जाती है और वह उसी के आधार पर भोजन तैयार करती है।

**एसडीएम की त्वरित कार्रवाई- पंचनामा बनाकर दिए निर्देश:** घटनास्थल पर मौजूद एसडीएम अखिलेश शर्मा ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही पंचनामा तैयार कराया। उन्होंने स्व-सहायता समूह के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि यह बच्चों के पोषण का मामला है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**विधायक कुशवाह ने जताई नाराजगी, मांगी नियमित जांच:** विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भी निरीक्षण के दौरान जबरदस्त नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाएं जनहित के लिए होती हैं, न कि ठेकेदारों और समूह संचालकों की जेबें भरने के लिए। मध्यान्ह भोजन योजना का मकसद बच्चों को पोषण देना है, न कि लाभ के लिए गुणवत्ता की बलि देना। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि स्व-सहायता समूहों की निगरानी और प्रशासनिक सतर्कता की आवश्यकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से नियमित जांच की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**बच्चों के अधिकार पर हमला- समाज और प्रशासन के लिए चेतावनी :** यह घटना न केवल एक प्रशासनिक विफलता है बल्कि यह भी दर्शाती है कि स्व-सहायता समूह लाभ के लोभ में बच्चों का हक छीन रहे हैं। मध्यान्ह भोजन योजना, जो कि बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और उपस्थिति सुधारने हेतु बनाई गई है, वह अब भ्रष्टाचार का शिकार होती दिख रही है।

**समाजसेवियों और प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ी:** इस पूरे प्रकरण के उजागर होने के बाद यह आवश्यक हो गया है कि शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, और समाजसेवी संगठनों को मिलकर इस योजना की नियमित निगरानी करनी चाहिए ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और समुचित मात्रा में भोजन मिल सके। बच्चों का पोषण, उनका अधिकार है और उसे हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

# छात्रों ने ली नशा से दूर रहने की शपथ, टीआई राजेश शर्मा ने किया संबोधित




**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 17जुलाई।** दबोह नगर स्थित शासकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर टीआई राजेश शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे को मानव समाज को अंदर से खोखला कर देने वाला ज़हर बताया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को अंधकार में धकेल देता है। न केवल वह स्वयं बर्बाद होता है, बल्कि उसका परिवार और समाज भी इसकी चपेट में आ जाता है। टीआई राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशे से सदैव दूर रहें और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। उन्होंने सभी छात्रों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर रविन्द्र मांझी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युवा ही कल के भारत की नींव हैं, और यदि यह नींव मजबूत होगी, तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के प्राचार्य निराला, व्याख्याता दीपक शर्मा, रजनीश पालीवाल, समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम के उद्देश्य की सराहना की और इसे युवाओं के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई और उन्हें समाज के जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचालित किए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। दबोह क्षेत्र में इस अभियान को लेकर विशेष जागरूकता एवं उत्साह देखा जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर सिरसोदा गांव में कलेक्टर ने किया पौधरोपण

**भिंड।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर तहसील गोहद के ग्राम सिरसोदा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक प्रेरणादायी पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर भिंड संजीव श्रीवास्तव, एसडीएम गोहद पराग जैन, एवं नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आशीष जे श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीवास्तव ने इस अवसर पर उपस्थित कृषकों एवं ग्रामीणों से संवाद किया और प्राकृतिक व जैविक खेती को अपनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ उन्नत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को पौधों का वितरण कर उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नाबार्ड डीडीएम आशीष श्रीवास्तव ने भिंड जिले में नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी साझा की और बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, जल संरक्षण, एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। कृषि विस्तार अधिकारी यशी चौहान द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती और कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इच्छुक किसानों से योजनाओं से जुड़ने हेतु फार्म भी भरवाए गए। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अधिकारी, सिरसोदा पैक्स के प्रबंधक एवं विक्रेता, जिला जैविक प्रमुख रामगोपाल गुर्जर, तथा अराइज फाउंडेशन से प्रमेन्द्र राजावत, रामकुमार शर्मा, आकाश दांतरे, नरेन्द्र परिहार सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

# होई हि सोई जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावै साखा : आचार्य आशीष शास्त्री



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 17जुलाई।** नगर के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान दरबार आयोजित संत सम्मेलन में 21 दिवसीय शिव महापुराण कथा में कथा वक्ता आशीष शास्त्री जी ने आनंदित राम कथा के प्रसंग राम जन्म , रामवनवास एवं रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग स्थापना के साथ साथ रावण बध की कथा सुनाते हुए कहा एक बार भोले नाथ माता सती को अपने इष्ट रामजी का वर्णन कर रहे तभी माता सती को विश्वास नहीं हुआ कि भगवान राम ईश्वर हे तब वह उनकी परीक्षा लेने का विचार किया तब भोले नाथ के बार बार मना करने पर भी माता सती नहीं मानी तब शिवजी ने कहा होई हि सोई जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावै सखा अर्थात जो रामजी ने रचा हे वहीं होगा कोई भी कुछ नहीं कर सकता हे।

इसी बीच कथा आयोजक पूज्य संत शांति दास जी महाराज ने बताया सावन माह शिव आराधना का माह है और जो भी मनुष्य इस माह में शिव आराधना करने से भगवान शिव उस मनुष्य के हर दुख हर लेते। कथा स्थल पर फक्कड़ बाबा , सुदटू बाबा आदि संतों के साथ नगर के नर नारी उपस्थित रहे।

# अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त एक्शन, दो बदमाश गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 17जुलाई।** जिले में अवैध हथियारों और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भिंड पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सिटी कोतवाली की दो अलग-अलग टीमों ने दो स्थानों पर दबिश देकर दो आदतन बदमाशों को एक-एक देसी कट्टे और जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसपी डॉ. असित यादव के मार्गदर्शन, एएसपी संजीव पाठक, एवं सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में की गई। टीआई बृजेंद्र सेंगर के मुताबिक 16 जुलाई 2025 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के चम्बल कॉलोनी टीनशेड के पास एक व्यक्ति कट्टा लेकर राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक कुलदीप शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम को रवाना किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को धरदबोचा। उसके पास से 315 बोर का एक देसी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है और अवैध शस्त्र के स्रोत एवं खरीद-फरोख्त की जांच जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी आदतन अपराधी है और इस पर पहले से आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 17 जुलाई 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि मेला ग्राउंड टीनशेड के पास एक व्यक्ति कट्टा लिए खड़ा है। निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर ने प्रधान आरक्षक सियानन्द की अगुवाई में टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा व एक जिंदा राउंड जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध भी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। बताया गया कि यह व्यक्ति भी आदतन बदमाश है और इस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## अशरफ खान ने आत्म ज्योति कन्या आश्रम पर मिष्ठान वितरण किया



ग्वालियर। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अशरफ खान ने अपने साथियों के साथ गोले का मंदिर थाने के बगल में आत्म ज्योति कन्या आश्रम पर बच्चियों को मिष्ठान वितरण किया एवं टॉफियां व स्वल्पाहार वितरित कर पूर्व विधायक कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रवीण पाठक का जन्म दिन सेलिब्रेट किया जिसमें कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के जिला महासचिव शकील राईन युवराज गोयल मोहम्मद फरहान शालू अहमद माजिद खान राजा खान हनी बघेल अरबाज कादरी रफीक खान शामिल रहे।

## कराहल के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में 22 जुलाई से 16 सितंबर तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। प्रथम चरण के इस अभियान में 7 प्रकार की स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जायेगी। इस संबंध में सामुदायिक स्तर पर अभियान के बेहतर क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सीएचओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को कराहल अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सीएचओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस राजपूत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा, संभागीय कोर्डीनेटर शिशु स्वास्थ्य ऋषिकांत पांडे, डीसीएम अमित श्रीवास, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ऑगनवाडी केंद्रों पर ओआरएस-जिंक कॉर्नर बनाया जायें।

# संजीवनी रक्तदान संगठन ने फिर चार जिंदगियों को दिया जीवनदान




**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 17जुलाई।** समाज सेवा के क्षेत्र में सतत सक्रिय संजीवनी रक्तदान संगठन ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए चार गंभीर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर जीवन की नई उम्मीद दी। संगठन के संयोजक बबलू सिंधी के नेतृत्व में यह मानवीय सेवा कार्य संपन्न हुआ, जिसने कई परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई। मध्यप्रदेश पुलिस के आरक्षक गुरुदास सोही ने एक गर्भवती महिला को समय पर ओ-पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराकर न केवल एक महिला बल्कि उसके गर्भस्थ शिशु का भी जीवन बचाया। उन्होंने यह साबित किया कि वर्दी केवल कानून की नहीं, बल्कि करुणा की भी पहचान होती है। संजय पवैया ने डायलिसिस पर निर्भर एक मरीज के लिए रक्तदान कर मानवता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। डायलिसिस मरीजों को नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, और इस समय पर दिया गया रक्त उनकी जीवनरेखा सिद्ध होता है। राजू सिंह भदौरिया ने भी एक डायलिसिस पीड़ित मरीज के लिए रक्तदान किया और यह संदेश दिया कि सेवा भाव ही सच्चा धर्म है। उनकी संवेदनशीलता और तत्परता समाज के लिए प्रेरणा है। सुनील गजरौलिया ने एक और गर्भवती महिला को रक्त देकर उसकी और उसके गर्भस्थ शिशु की जान बचाई। समय पर मिला यह रक्त एक परिवार के लिए जीवन का संबल बन गया। संजीवनी रक्तदान संगठन के संयोजक बबलू सिंधी ने जानकारी दी कि ब्लड बैंक में उस समय ओ-पॉजिटिव रक्त की भारी कमी थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि मरीजों को रेफर करने की नौबत आ गई थी। लेकिन हमारे समर्पित रक्तदाता देवदूत की तरह आगे आए और जीवन रक्षक योगदान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि संजीवनी संगठन का उद्देश्य केवल रक्त उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना को जीवित रखना है। संजीवनी रक्तदान संगठन ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए युवाओं से रक्तदान अभियान से जुड़ने की अपील की है।

# आईटीआई संस्थान में विधानसभा क्षेत्र अटेर के बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित

## निर्वाचन नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतित बनाने के लिए प्रभावी प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 17जुलाई।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 - अटेर के बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय आई.टी.आई. भिंड में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया, जिसमें बीएलओ को निर्वाचन नामावली के शुद्धिकरण एवं अद्यतन की प्रक्रिया से विस्तृत रूप में अवगत कराया गया।

**प्रशिक्षण में प्रमुख विषयों पर दिया गया मार्गदर्शन:** मास्टर ट्रेनरों द्वारा बीएलओ को निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन, मृत, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टियों की पहचान और निराकरण, विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, बीएलए- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करना, फॉर्म 06 (नया मतदाता जोड़ना), फॉर्म 07 (नाम हटाना), फॉर्म 08 (संशोधन) की प्रक्रिया ऐप के माध्यम से कार्य का डिजिटलीकरण सभी बीएलओ को जागरूकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बताया गया कि निर्वाचन नामावली की गुणवत्ता सीधे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती से जुड़ी है। अतः सभी अधिकारियों को विधिक प्रावधानों के अनुरूप कार्य करना अनिवार्य है।

**लोकतंत्र की नींव मजबूत करने का प्रयास:** प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी निर्वाचन में निर्वाचक नामावली पूर्णतः त्रुटिरहित, अद्यतित एवं पारदर्शी हो। कार्यक्रम के अंत में बीएलओ से फीडबैक भी प्राप्त किया गया, जिसमें उन्होंने इस प्रकार के तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।

